## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 1048.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 15 सितम्बर तक 1048.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1238 मिली मीटर, पुसौर में 1275.9, खरसिया में 1061.6, सारंगढ़ में 1262.8, बरमकेला में 941.3, घरघोड़ा में 841.9, तमनार में 1065.6, लैलूंगा में 1050.4, धरमजयगढ़ में 972.1, सरिया में 969.7 एवं छाल में 855 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### मुस्कान की तमन्ना हुई पूरी, रिसर्च के लिए दो लाख रुपए की मिली मंजूरी



**रायगढ़।** मुस्कान को भी क्या मालूम था कि एक दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री उनके घर के आसपास आएंगे और उनका जो सपना है उसे पूरा कर देंगे? बीएससी गणित की पढ़ाई पूरी करने के बाद रिसर्च करने का ख्वाब संजोए मुस्कान अपने इरादे घर में इसलिए भी जाहिर नहीं कर पाती थी कि पढऩे और बाहर जाने के लिए लाखों रुपए कहा से आएंगे? क्योंकि एक छोटा सा किराना दुकान से घर का खर्च चलता है, फिर छोटे भाई-बहन भी तो है। अपनी ख्वाहिशों को दबाए हुए मुस्कान खुद भी घरवालों की मदद के लिए ट्यूशन पढ़ाती थी। आज जब मुस्कान ने सुना कि घर के पास मुख्यमंत्री आने वाले हैं और वे लोगों से मिलते भी हैं तो यह सोचकर चली आई कि पता नहीं मिल पाऊंगी या नहीं, उम्मीदें पूरी होंगी या नहीं! यहां जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुस्कान की व्यथा और इच्छा जानी, सुनी तो मिनटों में उनकी मिन्नतों को पूरा कर दिया। धरमजयगढ़ की धरा पर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के जरिए आए प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल को छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने जब अपनी व्यथा बताई कि वह गरीब परिवार से है और बीएससी की पढ़ाई पूरी कर चुकी है, अब आगे रिसर्च के फील्ड में जाना चाहती है। बैंगलोर में जाकर पढ़ाई करने चाहती है। इसके लिए कोचिंग करना जरूरी है, लेकिन वह सक्षम नहीं है। मुख्यमंत्री बघेल ने छात्रा की बातों को ध्यान से सुना और कहा बताओ कितना चाहिए? छात्रा मुस्कान ने स्टीमेट नहीं बनाने की बात बताई तो मुख्यमंत्री ने मजाकिया लहजे में कहा कि आप एक मुख्यमंत्री से बिना स्टीमेट के बातें कर रहे हो तो मैं कैसे आपको राशि दे पाऊंगा। पल भर के लिए शांत होकर चुप्पी साधने वाली मुस्कान की मुस्कुराहटों को देखकर मुख्यमंत्री ने उन्हें आवेदन देने की बात कहते हुए तुरंत ही स्वेच्छानुदान से दो लाख रुपए देने को घोषणा कर दी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा पर वहां उपस्थित महिलाओं सहित लोगों ने तालियां बजाकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। धरमजयगढ़ की मुस्कान अग्रवाल ने बताया कि वह घर में पैसे की कमी को देखते हुए किसी को अपनी इच्छा बता नहीं पाती थी। कई बार उसने बाहर पढऩे जाने का प्लान भी बदल दिया था। आज पल भर में मुख्यमंत्री से मुलाकात और मांग पूरी होने पर छात्रा मुस्कान ने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री ने धरमजयगढ़ में ली अधिकारियों की बैठक और की योजनाओं की समीक्षा, जनता की सेवा, सम्मान, सुविधा और सुरक्षा के साथ समृद्धि को बताया महत्वपूर्ण

**❒ पारदर्शी प्रशासन और योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि आम जनता की सेवा ही इस सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। आम जनता के समस्याओं का समय पर निराकरण और पारदर्शी प्रशासन के साथ हितग्राहियों की संतुष्टि सभी के प्राथमिकता में होनी चाहिए। यदि किसी की शिकायत आएगी तो मुझे कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसलिए कोई ऐसा कार्य न करे, जिससे कि आपकी शिकायत हो।

प्रदेश व्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा में स्थानीय अधिकारियों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि वे जहां भी जा रहे हैं, कलेक्टर और एसपी को आम जनता की समस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्देश दे रहे हैं। आम जनता की सेवा, उन्हें सुविधाएं, उनका सम्मान, सुरक्षा और उनकी समृद्धि सभी की प्राथमिकता में होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में गरीब, आदिवासी, पिछड़े निवास करते हैं। वे बहुत ही उम्मीदों के साथ अधिकारियों के पास शासन की योजनाओं का लाभ उठाने या अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जाते हैं। उन्हें बार-बार किसी कार्यालय या अधिकारियों के चक्कर न काटना पड़े, यह सभी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने धरमजयगढ़ में विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन भी किया।



**लोगों की आमदनी कैसे बढ़ाएं इस दिशा में काम करें-** मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आपके क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य में सुधार हो। कोई महिलाएं एनीमिक न हो, कोई बच्चा कुपोषण का शिकार न हो। शासन की योजनाएं उन तक पहुँचे। गौठान मजबूत बने और आर्थिक विकास का जरिया बने। इस दिशा में काम हो। महिला स्व-सहायता समूहों से लेकर सभी की आमदनी और समृद्धि बढ़े इसके लिए अधिकारियों को जागरूकता फैलाने काम करना चाहिए। सरकार का भी यहीं उद्देश्य है।

**हाथी व मानव द्वंद रोकने जागरूक करें-** मुख्यमंत्री बघेल ने धरमजयगढ़ क्षेत्र में कुपोषण और एनीमिया दूर करने चलाये जा रहे अभियान की जानकारी ली। उन्होंने गरम भोजन के साथ अन्य पोषण आहार समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने भवन विहीन स्कूलों की जानकारी लेते हुए शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, वन अधिकार पत्र वितरण करने, हाट-बाजार क्लीनिक योजना से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को समय पर उपचार करने, सड़कों को सुधारने, लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में हाथी के विचरण और होने वाले नुकसान की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने हाथी मानव द्वंद को रोकने के लिए वनों में नरवा अंतर्गत वन्य जीव के लिए पानी, हाथियों के लिए फलदार वृक्ष लगाने तथा लोगों में जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेशा कानून के विषय में ग्रामीणों को जानकारी देने व जल स्रोत वाले क्षेत्रों में स्टॉप डेम बनाकर आदिवासी क्षेत्रों में सिचाई व्यवस्था के निर्देश भी दिए।

## मुख्यमंत्री बघेल ने की घोषणा, घरघोड़ा एवं तमनार में खुलेंगे छ.ग.राज्य सहकारी बैंक

### तमनार एवं घरघोड़ा क्षेत्र के कृषकों को मिलेगी सुविधा

**रायगढ़।** भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रायगढ़ जिले के विकासखण्ड तमनार एवं घरघोड़ा अंचल के कृषकों ने धान विक्रय की राशि प्राप्ति में हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए उनके समक्ष छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक)की शाखा तमनार एवं घरघोड़ा में खोलने हेतु निवेदन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने कृषकों के हित में तमनार एवं घरघोड़ा में छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक)की नवीन शाखा खोलने हेतु घोषणा की। जिसके लिए छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) को आवश्यक निर्देश दिया गया। छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक)के द्वारा इस हेतु प्रस्ताव तैयार कर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं नाबार्ड को प्रेषित कर दिया गया है। वर्तमान में जिला रायगढ़ में छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) की 7 शाखाएं कार्यरत है, 2 नई शाखाओं की मंजूरी मिलने के उपरांत रायगढ़ जिले में अपेक्स बैंक की कुल 9 शाखाएं हो जायेगी।

## खरसिया सिविल अस्पताल में नवीन ब्लड सेंटर एवं हमर लैब का हुआ शुभारंभ

**❒ सेंटर में चौबीसों घंटे उपलब्ध होगी ब्लड एवं हमर लैब में 49 प्रकार के रक्त/ पेशाब जाँच की मिलेगी सुविधा**

**रायगढ़।** सिविल अस्पताल खरसिया में नवीन ब्लड सेंटर एवं हमरलैब की स्थापना किया गया है। जिसका विधिवत शुभारंभ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में खरसिया प्रवास पर आये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि सिविल अस्पताल खरसिया में पूर्व में केवल ब्लड कलेक्शन सेंटर था, जिसमें ब्लड की आपूर्ति जिला अस्पताल से किया जाता था पर आज की स्थिति में ब्लड सेंटर बन जाने के पश्चात यहां चौबीसों घंटे विभिन्न ग्रुप के रक्त उपलब्ध रहेंगे। ब्लड सेंटर में भारत शासन के गाइड लाइन अनुसार पंजीयन कक्ष, रक्तदान कक्ष, रक्त भंडारण रेफ्रिजरेटर कक्ष, रिकार्ड संधारण कक्ष, रक्त परीक्षण कक्ष, लैब कक्ष, स्टरलाइजेशन (विसंक्रमण कक्ष)तथा रक्तदाताओं के रक्त देने के पश्चात सर्वसुविधा युक्त विश्राम कक्ष का निर्माण किया गया है तथा संपूर्ण कक्ष वातानुकूलित है।

ब्लड सेंटर में पर्याप्त मात्रा में उपकरण एवं रिजेण्ट की उपलब्धता है तथा एम.डी.पैथालॉजिस्ट डॉक्टर, नर्स और प्रयोगशाला तकनीशियन (लैब टेक्नीशियन) सहित पूर्ण रूप से प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था है।

ब्लड सेंटर बन जाने के पश्चात अब जनसामान्य जो रक्तदान करने के इच्छुक है वे कभी भी यहां आकर रक्तदान कर सकते है। डॉ.केशरी ने क्षेत्र की जनसामान्य को अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है, जिससे रक्त सेंटर सुचारू रूप से चलता रहे और यहां समस्त रक्त ग्रुप की पर्याप्त मात्रा बनी रहे। इसी प्रकार हमर लैब अंतर्गत 49 प्रकार के रक्त/ पेशाब जाँच की सुविधा यहां उपलब्ध है। इस हेतु विभिन्न प्रकार के उपकरण जैसे एचबीएआईसी, बायोकैमेस्ट्री एनालाइजर, सीबीसी, यूरिन एनालाइजर, इलेक्ट्रोफोरेसिस मशीन, ट्रू-नाट मशीन, इएसआर एनालाइजर इत्यादि की स्थापना की गयी है। जिसके फलस्वरूप खून एवं पेशाब संबंधी समस्त जांच नि:शुल्क एवं न्यूनतम दर में उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ मिलेगा।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धरमजयगढ़ में 569 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे चरण में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा में 569 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत के 24 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 64 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित 15 कार्यो का लोकार्पण एवं 505 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 9 कार्यों का शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान जिन कार्यों का लोकार्पण किया उनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा 24 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से घरघोड़ा-बायपास मार्ग का उन्नयन कार्य, शिक्षा विभाग द्वारा 74 लाख रुपये की लागत से घरघोड़ा के ग्राम-भालूमार में नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण एवं 75 लाख रुपये की लागत से धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-ससकोबा में शाासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण, आदिवासी विकास विभाग द्वारा 14 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से धरमजयगढ़ में 500 सीटर आदिवासी छात्रावास भवन का निर्माण, 3 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से घरघोड़ा एवं महाराजगंज में 50-50 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण, लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा 8 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से धरमजयगढ़ से कोरबा, उरगा, हाटी एवं धरमजयगढ़ मार्ग में सरिया नाला सेतु निर्माण कार्य एवं 9 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से कुड़ेकेला के बंगरसुता मार्ग पर मांड नदी पर पुल निर्माण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 25 लाख रुपये की लागत से धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम पण्ड्रीमौहा एवं उदउदा में मानव राहत केन्द्र सह अन्नागार, वन विभाग द्वारा 80 लाख रुपये की लागत तीन जगहों पर डब्ल्यूबीएम वनमार्ग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 40 लाख रुपये की लागत से मेडिया खूंटा नाला में वेंटेज, कॉजवे निर्माण भाग-1 व 2 तथा नगर पंचायत घरघोड़ा द्वारा 27 लाख रुपये की लागत से पौनी पसारी बाजार निर्माण कार्य शामिल है।

शिलान्यास कार्य के तहत न्याय विभाग द्वारा 76 लाख रुपये की लागत से सिविल कोर्ट घरघोड़ में न्यायिक अधिकारियों के लिए 1 नग डी टाईप शासकीय आवास गृह निर्माण, आदिवासी विकास विभाग द्वारा 01 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से आदिवासी विकास विभाग द्वारा घरघोड़ा के ग्राम बिच्छीनारा में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा 5 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत रायगढ़ के पानीखेत से ऐड़ुकला मार्ग पर पुल निर्माण एवं 7 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से ग्राम समनिया व पत्थलगांव खुर्द के मध्य सांगुल नदी में पुल निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 329 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में 92 रेट्रोफिटिंग योजना, 110 सिंगल विलेज एवं 71 सोलर योजना कार्य, नगर पंचायत घरघोड़ा द्वारा 2 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण तथा 94 लाख रुपये की लागत से घरघोड़ा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 छोटेमुड़ा तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य तथा विद्युत विभाग द्वारा 156 करोड़ रुपये की लागत से धरमजयगढ़ के हाटी में 220/132 के.व्ही.उपकेन्द्र निर्माण कार्य शामिल है।

## स्वर्गीय चनेश राम राठिया के नाम पर होगा धरमजयगढ़ के महाविद्यालय का नामकरण

**❒ मुख्यमंत्री ने धरमजयगढ़ में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात की**

**❒ धरमजयगढ़ में वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित होगी**

**❒ महरा और नगेशिया समाज ने जाति संबंधी मात्रात्मक त्रुटि के सुधार के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार**

**❒ छात्रा मुस्कान को उच्च शिक्षा के लिए दो लाख रुपए की सहायता दिए जाने की घोषणा**

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात के दौरान कल देर शाम धरमजयगढ़ में विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सर्व आदिवासी समाज की मांग पर धरमजयगढ़ में महाविद्यालय का नामकरण स्वर्गीय चनेश राम राठिया के नाम पर किए जाने की सहमति जताई और धरमजयगढ़ में वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाने के निर्देश नगर पंचायत को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बीएससी उत्तीर्ण छात्रा कुमारी मुस्कान अग्रवाल को उच्च शिक्षा एवं रिसर्च के लिए दो लाख देने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री से धरमजयगढ़ में गोंड समाज, उरांव आदिवासी समाज, यादव समाज, साहू समाज, कुडुख, राठिया कंवर समाज, सर्व आदिवासी समाज, मानिकपुरी पनिका समाज, बंगाली समाज, नगेशिया समाज, महाकुल यादव, महरा समाज, मांझी समाज, अघरिया, पंजाबी, सर्व ब्राह्मण समाज, मुस्लिम समाज, रौनियार समाज, पहाड़ी कोरवा प्रतिनिधि, अधिवक्ता संघ, मारवाड़ी अग्रवाल महिला संगठन सहित नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि मिले और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि की मांग किए जाने पर मुख्यमंत्री ने सभी समाज के लोगों को पहले नियमानुसार भूमि आबंटित कराने 10 प्रतिशत राशि जमा करने और समाज के नाम पर रजिस्ट्री कराने की बात कही। इस अवसर पर पूजा साहू द्वारा अपने दादाजी और मृत पिताजी द्वारा सिंचाई विभाग अंतर्गत ठेकेदारी कार्य के लंबित बिल की भुगतान पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को इस मामले का निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री से इस अवसर पर महरा समाज और नगेशिया समाज प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर जाति संबंधी मात्रात्मक त्रुटि में सुधार किए जाने के लिए उनका आभार जताया। छात्रा पूजा महेतर ने दो वर्ष से जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाने की शिकायत की तो मुख्यमंत्री ने प्रकरण के निराकरण के लिए एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए। मारवाड़ी अग्रवाल समाज की रेखा अग्रवाल ने क्षेत्र में गौशाला की मांग की तो मुख्यमंत्री ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत को गौशाला निर्माण और आजीविका गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए। मांझी समाज की मांग पर मुख्यमंत्री ने कुडुमकेला गांव में मांझी समाज की भूमि पर उद्यानिकी, वन, कृषि तथा वन औषधि आधरित गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम और विधायक लालजीत सिंह राठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## राज्य शासन की योजनाओं का जिलों में हो रहा है प्रभावी क्रियान्वयन -मुख्यमंत्री

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज धरमजयगढ़ में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि इस वर्ष 4 मई से शुरू हुए भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आम जनता से राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं विशेष रूप से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, हाफ बिजली बिल योजना, हाट-बाजार क्लिनिक योजना, गोधन न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना के संबंध में बहुत अच्छा फीडबैक मिला है। मुझे यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि शासन की सभी योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन जिलों में हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान का उद्देश्य शासकीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की हकीकत को जानना। साथ ही लोगों के बीच पहुंचकर उनकी स्थानीय समस्याओं को भी जानने का प्रयास हम कर रहे हैं। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों के लंबे अंतराल के बाद भेंट-मुलाकात अभियान का सिलसिला एक सितंबर से रायगढ़ जिले से दोबारा शुरू हुआ था। रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-नवापारा, लोईंग और रायगढ़ में लोगों से भेंट मुलाकात के बाद अब 12, 13 और 14 सितंबर को एक बार फिर रायगढ़ जिले के लैलूंगा, खरसिया और धरमजयगढ़, विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि कल धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम छाल और घरघोड़ा विकासखंड के घरघोड़ा पहुंचा था, जहां मैंने लोगों से भेंट-मुलाकात की और योजनाओं का फीडबैक लिया। अब तक प्रदेश के 15 जिलों के 31 विधानसभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात कार्यक्रम हो चुका है।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' थीम पर श्रमदान जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के दिशा-निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में सत्य नारायण बाबा धाम कोसमनारा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता जागरूकता हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सतत रूप से आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपने आसपास के परिवेश को साफ-सुथरा रखने की अपील की एवं शासन के द्वारा स्वच्छता हेतु चलाया जा रहे अभियान की भी जानकारी दी। जनपद सीईओ रूपेन्द्र पटेल के द्वारा कचरे के उचित प्रबंधन और सरपंच एवं सचिव को स्वच्छता अभियान हेतु जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद सीईओ सहित सभी उपस्थित अधिकारी एवं पदाधिकारियों के द्वारा मंदिर के आसपास फैले कचरे को साफ किया गया। इस दौरान गांव एवं मंदिर परिसर के लोग भी मौजूद रहे। स्वच्छता को ध्यान में रखकर सभी जनपद स्तर, क्लस्टर स्तर पर सभी स्वच्छताग्राहियों हेतु 17 सितंबर तक बैठक का आयोजन किया जाना है साथ ही कचरा निपटान, घर-घर संपर्क, माहवारी स्वच्छता, सार्वजनिक स्थानों की सफाई आदि जागरुकता अभियान ग्राम वासियों के सहयोग से किया जाना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में दोना-पत्तल, कपड़े के झोला के इस्तेमाल की जानकारी भी दी गई। स्वच्छता अभियान की जानकारी रात्रि चौपाल, रैली, बैठक आदि आयोजन में दिया जाना भी सुनिश्चित किया गया है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सीईओ, एडीओ, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन, डीएमसी यूनिसेफ, पीओ मनरेगा, संकुल समन्वयक, सरपंच, सचिव एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## जातियों के मात्रात्मक त्रुटि में हुआ सुधार, समाज ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**❒ अब शासन की योजनाओं का ले सकेंगे लाभ**

**रायगढ़।** आरक्षित जातियों से होकर भी शासन की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाने वाले हजारों आदिवासियों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयास से न सिर्फ एक बड़ा न्याय मिला, अपितु वर्षों से जाति के शब्दों में हुई मात्रात्मक त्रुटियों के दंश से भी छुटकारा मिल गया। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास से भारत सरकार ने भेजे गए प्रस्ताव अनुसार मात्रात्मक त्रुटियों वाली जातियों को अनुसूचित जनजातियों में शामिल करने की अधिसूचना भी जारी कर दी। अपनी एक बड़ी मांग पूरी होने के बाद इस समाज से जुड़े लोगों ने आज मुख्यमंत्री बघेल का न सिर्फ आभार जताया, बल्कि अपनी खुशियों का इजहार करने और धन्यवाद देने के साथ फूल-माला लेकर स्वागत भी किया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज जब रायगढ़ जिले के आदिवासी बहुल इलाके धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लोगों से भेंट-मुलाकात कर रहे थे और अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ले रहे थे तो आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने उनसे मिलकर अपनी खुशी का इजहार किया। जाति के शब्दों में मात्रात्मक त्रुटियां होने से अनेक शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित आदिवासियों ने कहा कि अब अपने बच्चों को योजनाओं का लाभ जरूर मिलेगा। गोंड समाज के विद्यानंद सिदार ने मुख्यमंत्री को इस प्रयास के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वे शब्दों में त्रुटि की वजह से योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए थे। अब वे और उनके बच्चे शासन की योजना का लाभ ले पाएंगे। नगेसिया समाज के भरतलाल ने कहा कि अब उनके भी बच्चे नौकरी प्राप्त कर पाएंगे। जाति प्रमाण पत्र भी बन जायेगा। संवरा समाज के मदन भोय ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि जिस मात्रात्मक त्रुटि के सुधार के लिए वर्षों से चक्कर काट रहे थे और योजनाओं के लाभ से वंचित थे, वह समस्या अब खत्म हो गई है। मुख्यमंत्री को इसके लिए गाड़ा-गाड़ा बधाई। अर्चना सिदार और धनवार समाज की रथ बाई ने कहा कि अनुसूचित जनजाति मानने से उनके बच्चों को छात्रावासों में जगह मिल पाएगी और उनके बच्चे अच्छे से पढ़कर बेहतर भविष्य बना पाएंगे। पंडो समाज के प्रतिनिधि ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि हम लोगों ने भी इस समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया था। अब उनके प्रयास से समस्या का निराकरण हो गया है। यह बहुत बड़ी राहत की बात है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480